## भाग III

## संबंधित वन संरक्षक द्वारा भरा जाना है।

## प्रकरण क्रमांक FP/MP/MINE/140863/2021

<table>
<tr><td>1</td><td>स्थल जहां की वनभूमि शामिल की गई है क्या इसका संबंधित वन संरक्षक ने निरीक्षण किया है (हां/ नहीं) यदि हां तो निरीक्षण की तारीख और किये गये प्रेक्षणों को, निरीक्षण नोट के रूप में संलंग्न करें</td><td>जी हॉं। दिनांक 08.02.2023 को स्थल निरीक्षण किया गया है। विस्तृत विवरण स्थल निरीक्षण रिपोर्ट में संलग्न है।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>क्या वन संरक्षक उप वन संरक्षक के अभिमत से सहमत हैं। यदि नहीं तो उसका कारण दें।</td><td>सहमत है।</td></tr>
<tr><td>3</td><td>प्रस्ताव की स्वीकृति या अन्यथा के बारे में विस्तृत कारणों के साथ अभिमत।</td><td>महाप्रबंधक, एन.सी.एल. निगाही परियोजना द्वारा सिंगरौली जिले के वन मण्डल सिगरौली के वन परिक्षेत्र बैढ़न में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत वन भूमि में कोयला उत्खनन का कार्य किया जाना है। ओपेन कास्ट कोयला उत्खनन परियोजना में वन मण्डल सिगरौली की निम्नानुसार वनभूमि प्रभावित हो रही है।
<table>
<tr><th>जिला</th><th>वन मण्डल</th><th>परिक्षेत्र</th><th>कक्ष क्रमांक</th><th>रकबा हे. में</th></tr>
<tr><td>सिगरौली</td><td>सिंगरौली</td><td>बैढ़न</td><td>आर–272</td><td>136.535</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td>आर–273</td><td>51.769</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td>आर–274</td><td>41.044</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td>योग</td><td>229.348</td></tr>
</table>
वन मण्डल सिगरौली के अन्तर्गत प्रभावित वन भूमि कक्ष क्रमांक आरएफ–272, 273, 274 वन मण्डल की कार्य आयोजना अनुसार हाथी कारीडोर में सम्मिलित है।<br>
1. वन मण्डल सिंगरौली के अन्तर्गत प्रस्तावित वन भूमि रकवा 229.348 हे0 में आर.एफ. 272, 273 एवं 274 आरक्षित वन भूमि है।<br>
2. वनमण्डल सिंगरौली के अंतर्गत प्रस्तावित वन भूमि 229.348 हे0 वन</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | | (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत नार्दन कोल फील्ड्स लिमिटेड निगाही परियोजना में ओपनकास्ट माइनिंग हेतु उपयोग पर दिये जाने का प्रस्ताव है।<br>3. वन मण्डल सिंगरौली के अंतर्गत प्रस्तावित वनभूमि कक्ष क्र0 आर.एफ. 272, 273 एवं 274 इस वन मण्डल के प्रचलित कार्य आयोजना के अनुसार हाथी कोरीडोर में सम्मिलित है। इसलिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से वन्यप्राणी प्रबंधन योजना तैयार किया जाना तथा उसके लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक होगा।<br>वन मण्डलाधिकारी सिंगरौली के स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन अनुसार वन मण्डल सिंगरौली अन्तर्गत पिछले 10 वर्षों में हाथियों की आवागमन कक्ष क्रमांक आर.एफ. 272, 273 एवं 274 में नही पाया गया है। अतः कोयला उत्खनन हेतु स्थल विशेष परियोजना होने के कारण महाप्रबंधक,निगाही कोल ब्लाक परियोजना को कोयला उत्खनन हेतु 229.348 हे. वन भूमि व्यपवर्तन की अनुशंसा की जाती है। |

तिथि : 09-02-2023
स्थानः रीवा

(राजेश कुमार राय)
भा.व.से.
**वन संरक्षक**
रीवा वृत्त रीवा म.प्र.